प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 10.05.2026 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के ऐतिहासिक महत्व को किया याद, कहा – शौर्य और सामर्थ्य की यही विरासत देश की सबसे बड़ी ताकत ।
2. पीएम कुसुम हरित ऊर्जा योजना से आर्थिक समृद्धि की ओर अग्रसर किसान, चतरा जिला योजना का लाभ लेने में बना अग्रणी।
3. केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने मदर्स डे पर सभी माताओं को किया नमन , दी हार्दिक शुभकामनाएं, कहा– स्नेह, समर्पण और शक्ति सभी के लिए प्रेरणास्रोत।
4. आकाशीय बिजली गिरने की अलग–अलग घटना में 5 लोगों की मौत, दो घायल, आज भी राज्य के कई हिस्सों में आंधी–बारिश और वज्रपात का अलर्ट।
5. शंघाई में तीरंदाजी विश्व कप में भारतीय महिला रिकर्व टीम ने जीता स्वर्ण पदक, चीन को पांच–चार से हराया, टीम में दीपिका कुमारी, अंकिता भगत और कुमकुम मोहोद शामिल ।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10 मई 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के ऐतिहासिक महत्व को याद करते हुए एक प्रेरणादायक संदेश दिया है। बेंगलुरू में एक कार्यक्रम को संबोधित करते प्रधानमंत्री ने कहा कि आज ऐतिहासिक तारीख है। श्री मोदी ने कहा कि साहस और शौर्य की यह विरासत ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है।

****

रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन–डीआरडीओ ने स्क्रैमजेट कंबस्टर का सफल परीक्षण कर हाइपरसोनिक मिसाइल के विकास में बड़ी सफलता हासिल की।

****

प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाअभियान (पीएम कुसुम) योजना चतरा जिले में हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने के साथ जिले के किसानों के लिए समृद्धि का रास्ता बन चुका है। सिमरिया अनुमंडल के इचाक पंचायत के नवाटांड गांव के सभी किसान इस योजना का लाभ सफलतापूर्वक उठा रहे हैं । किसान मित्र संजय कुमार ने बताया कि पीएम कुसुम योजना से किसानों ने डीजल और पेट्रोल पर निर्भर रहना छोड़ दिया है। अब किसान निर्भीक होकर खेती करते हैं।।

****

जमशेदपुर में विश्व थैलेसीमिया दिवस के अवसर पर अनुराग फाउंडेशन द्वारा जागरूकता एवं सामुदायिक समर्थन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस वर्ष कार्यक्रम की थीम थी "अब छिपे नहीं", जिसके तहत अनपहचाने मरीजों की पहचान और पीड़ित परिवारों को सहयोग देने पर जोर दिया गया।कार्यक्रम में थैलेसीमिया पीड़ित बच्चे, अभिभावक, चिकित्सक और समाजसेवी शामिल हुए। कार्यक्रम में शामिल थैलेसिमिया पीड़ित बच्ची ने इस बीमारी को रोकने के लिए समय पर जांच और जागरूकता की आवश्यकता बताई।

****

खूंटी–गुमला जिले के सीमावर्ती क्षेत्र भालूटोली के पास रनिया पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध डोडा से लदे एक ट्रक को जब्त किया। हालांकि इस दौरान ट्रक चालक, खलासी और डोडा खरीददार मौके से फरार होने में सफल रहे। फरार तस्करों की तलाश में छापेमारी की जा रही है ।

****

केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने मदर्स डे के अवसर पर सभी माताओं को हार्दिक शुभकामनाएं दी है। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने अपने संदेश में लिखा है कि मां केवल एक शब्द नहीं, बल्कि प्रेम, त्याग, संस्कार और असीम ममता का स्वरूप हैं। एक मां ही परिवार, समाज और राष्ट्र की प्रथम शिक्षिका होती है, जिनके स्नेह और मार्गदर्शन से पीढ़ियों का निर्माण होता है। केन्द्रीय मंत्री ने सभी माताओं के स्वस्थ, सुखी एवं दीर्घायु होने की कामना करते हुए कहा कि आपका स्नेह, समर्पण और शक्ति हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है।

****

मातृत्व भाव की मिसाल पेश कर रही कोडरमा के मॉडर्न पब्लिक स्कूल की निदेशक संगीता शर्मा ने सड़क हादसे में अपने बेटे के खोने की पीड़ा को समाजसेवा और शिक्षा की मशाल में बदल दिया है। उनका कहना है कि विद्यालय के हर बच्चे में उन्हें अपना बेटा नजर आता है इसलिए बच्चों को शिक्षित और संस्कारी के साथ बेहतर इंसान बनाने में जुटी है। उन्होंने बच्चों को जीवन रक्षा में हेलमेट के महत्व को लेकर जागरूक किया

****

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 40 हजार 500 रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत 2 लाख 64 हजार रूपये प्रति किलो है।

****

राज्य में वज्रपात की अलग– अलग घटना में 5 लोगों की मौत हो गई जबकि दो लोग घायल हो गए हैं। कोडरमा जिले के सतगांवा प्रखंड के मंड़रोडीह गांव में आकाशीय बिजली गिरने से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं लातेहार जिले के हेरहंज थाना क्षेत्र में भी वज्रपात की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। चतरा जिले के टंडवा के बड़गांव में भी एक किशोरी की मौत हो गई। मौसम विभाग ने आज भी राज्य के कई जिलों में आंधी के साथ बारिश और कहीं–कहीं वज्रपात का अलर्ट जारी किया है।

****

हज़ारीबाग के बरकट्ठा प्रखंड के ग्राम गोरहर में दो अलग–अलग सड़क दुघर्टनाओं में दो लोगों की मौत हो गई जबकि तीन लोग घायल हो गये। पहली घटना में पिकअप गाड़ी अनियंत्रित होकर पुलिया के नीचे गिर गई।जिसमें चालक की मौके पर ही मौत हो गई। दूसरी घटना में चार वाहनों की टक्कर से हादसा हुआ।

****

हॉकी झारखंड ने राष्ट्रीय खेल शासन अधिनियम 2025 के अनुरूप संविधान और उप–नियमों को अपनाने के लिए 24 मई को विशेष आम सभा की बैठक बुलाई है। यह बैठक मरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम, मोरहाबादी रांची में आयोजित होगी। जिसमें संविधान संशोधन और अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी।

****

शंघाई में तीरंदाजी विश्व कप– चरण 2 के रोमांचक फाइनल में भारतीय महिला रिकर्व टीम ने मेजबान चीन को पांच–चार से हराकर स्वर्ण पदक जीत लिया है। रिकर्व टीम में दीपिका कुमारी, अंकिता भगत और कुमकुम मोहोद शामिल थीं।

****